सनातन सुविचार
"सत्यमेव जयते"
सत्य की हमेशा विजय होती है।

# रणजीत टाइम्स

इंदौर
गुरुवार, 16 अप्रैल, 2026
वर्ष 02 | अंक 96 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

## 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाएगा भारत

### रूस के साथ बड़ी साझेदारी की तैयारी में इसरो



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने भारत के महत्वाकांक्षी स्पेस स्टेशन प्रोजेक्ट 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' के निर्माण में रूस के साथ साझेदारी की इच्छा जताई है। इसरो के वरिष्ठ अधिकारी ने मॉस्को में आयोजित एक अंतरिक्ष मंच पर यह जानकारी दी। इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स के निदेशक ए. पकीराज ने कहा कि बीएएस के विकास में रूस के अनुभव का लाभ उठाने के लिए भारत सहयोग चाहता है। उन्होंने कहा कि कंट्रोल सिस्टम, पावर सप्लाई, कम्युनिकेशन और ट्रैकिंग जैसे महत्वपूर्ण सब-सिस्टम में दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं। इसरो के मुताबिक, भारत का प्रस्तावित स्पेस स्टेशन 2035 तक तैयर होगा और पृथ्वी से करीब 450 किमी की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा और इसका झुकाव 51.6 डिग्री होगा। यह रूसी स्पेस स्टेशन आरओएस के समान होगा। भारत अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ भी सहयोग की संभावनाएं तलाश रहा है। मौजूदा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को 2030-31 तक डीकमीशन किए जाने की योजना है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर नए स्पेस स्टेशनों के निर्माण के अवसर बढ़ रहे हैं।

### रूस की तकनीकी मदद अहम, दशकों पुराना अंतरिक्ष सहयोग

रूस, भारत को ऑर्बिटल मॉड्यूल, लाइफ सपोर्ट सिस्टम, और डॉकिंग सिस्टम जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों में सहयोग दे सकता है। रूस के पास 'एमआईआर' स्पेस स्टेशन और आईएसएस के रूसी हिस्से 'रशियन ऑर्विटल सेग्मेंट' का व्यापक अनुभव है। भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष सहयोग का लंबा इतिहास रहा है। 1984 में राकेश शर्मा को अंतरिक्ष में भेजने में सोवियत संघ (अब रूस) ने मदद की थी। 1975 में भारत के पहले उपग्रह आर्यभट का प्रक्षेपण भी सोवियत संघ से हुआ था। क्रायोजेनिक इंजन तकनीक और गगनयान मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण में भी रूस ने अहम भूमिका निभाई है। भारत और रूस की यह साझेदारी दोनों देशों के 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक संबंध' का मजबूत आधार रही है। अब बीएएस प्रोजेक्ट के जरिए यह सहयोग अंतरिक्ष में नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

## नासिक धर्मांतरण केस के पीछे संगठित नेटवर्क का खुलासा

- आर्थिक रूप से कमजोर नई कर्मचारियों को करते थे टारगेट
- शिकायत करने पर फटकारती थी मैनेजर, निदा खान गिरफ्तार



**नासिक (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नासिक स्थित टीसीएस कंपनी ऑफिस में धर्म परिवर्तन, यौन शोषण केस की पुलिस जांच में सामने आया है कि एक संगठित नेटवर्क नए कर्मचारियों को निशाना बनाता था। इस केस में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नई जॉइन करने वाली कर्मचारियों की निजी जानकारी के आधार पर 'टारगेट' चुनते थे। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर और पारिवारिक समस्याओं से जूझ रहे कर्मचारियों को निशाना बनाया जाता था। अब तक की जांच के अनुसार गिरफ्तार मैनेजर अश्विनी चेनानी ने तौसीफ अत्तार से 38 बार, दानिश शेख से 1 बार, रजा मेमन से 22 बार और आपत्तिजनक चैट की थी।

## सम्राट चौधरी बने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री

- शपथ के बाद नीतिश के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

### जेडीयू से विजय चौधरी-बिजेंद्र यादव डिप्टी सीएम बने



**पटना (एजेंसी)।** सम्राट चौधरी बिहार 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी सीएम बनाया गया है। नीतिश कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतिश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा।'

## किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोले-किसानों को सोलर पम्प उपयोग के लिए करें प्रोत्साहित




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस काम के लिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है। किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए। इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए। ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सोलर पम्प का उपयोग करने के लिए हर तरीके से प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को जो इससे जुड़ना चाहते हैं, विभाग उनका हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन भी करे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की प्रचलित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य के हित में किसानों और नागरिकों सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें। किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति में भी तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 2 लाख से अधिक किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। विभाग अपनी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करें और नई जरूरतों के मुताबिक इन लक्ष्यों में वृद्धि करें, ताकि कम समय में अधिकतम लोगों को लाभ मिले।

## रोशन हो रहा प्रदेश का भविष्य



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बोर्ड परीक्षा हम सभी के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। बोर्ड परीक्षा के परिणाम ही हमारे भविष्य की दिशा तय करते हैं। मध्यप्रदेश में दी जा रही उत्कृष्ट शिक्षा से हमारे विद्यार्थियों का भविष्य दिनों दिन रौशन हो रहा है। मुख्यमंत्री डा. यादव ने बुधवार को संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा ली गई कक्षा 10वीं, 12वीं एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) मुख्य परीक्षा- 2026 के परिणाम घोषित किए। वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 73.42 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा। शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने इस बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस बार बीते 16 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ रहा है। पिछले वर्ष भी शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने ही बोर्ड परीक्षा में कीर्तिमान गढ़ा था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शासकीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर किया है, जिससे हमारे शासकीय स्कूल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में निजी स्कूलों के परिणामों से आगे निकल रहे हैं।

**जीवन में सफलता हासिल करने के लिए मेहनत जरूरी है** - मुख्यमंत्री ने बोर्ड कक्षाओं में उत्तीर्ण सभी बेटे-बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए मेहनत जरूरी है और आप सबने यह कर दिखाया। विद्यार्थी जो उत्तीर्ण नहीं हो पाये, वे निराश न हों, यह सिर्फ परीक्षा है।

### 12वीं का परीक्षा परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हायर सेकेंड्री में कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च के बीच हुई, जिसमें 6 लाख 89 हजार 746 विद्यार्थी शामिल हुए। इस वर्ष 12वीं का परीक्षा परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा है, जो बीते 16 साल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस वर्ष 72.39 प्रतिशत छात्र और 79.41 छात्राओं को सफलता मिली है। यहां भी बेटियों ने ही फिर बाजी मारी है। शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर रहा है। हायर सेकेंड्री बोर्ड परीक्षा में शासकीय स्कूलों के 80.43 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों के 69.67 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इससे शासकीय और प्राइवेट स्कूल की पढ़ाई का अंतर साफ नजर आ रहा है। इस वर्ष हायर सेकेंड्री परीक्षा में 221 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है।

### हाईस्कूल परीक्षा में 73.42 प्रतिशत विद्यार्थियों को सफलता मिली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फरवरी से मार्च के बीच कक्षा 10वीं की परीक्षा हुई, जिसमें 8 लाख 97 हजार विद्यार्थी शामिल हुए। हाईस्कूल परीक्षा में 73.42 प्रतिशत विद्यार्थियों को सफलता मिली है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 69.31 प्रतिशत छात्र और 77.52 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम 76.80 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों का 68.84 प्रतिशत रहा है। दोनों में 8 प्रतिशत का अंतर है। यह सांदीपनि विद्यालयों के अनुकूल वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था का परिणाम है। हाईस्कूल की मेरिट में 378 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है, जिसमें 235 छात्राएं और 143 छात्र हैं।

# महंगाई ने फिर पकड़ी रफ्तार-मार्च में थोक दर 3.88% पर पहुंची, ईंधन और खाने-पीने की चीजों ने बढ़ाया दबाव




नई दिल्ली। देश में महंगाई को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ने लगी है, क्योंकि मार्च महीने में थोक महंगाई दर में तेज उछाल दर्ज किया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक यानी थोक मूल्य सूचकांक (WPI) आधारित महंगाई दर मार्च में बढ़कर 3.88 प्रतिशत हो गई है, जो फरवरी में 2.13 प्रतिशत थी। इस बढ़ोतरी ने साफ संकेत दिया है कि बाजार में वस्तुओं की कीमतों पर दबाव लगातार बना हुआ है और आने वाले समय में इसका असर आम लोगों की जेब पर और ज्यादा पड़ सकता है। मार्च महीने में थोक महंगाई में यह वृद्धि मुख्य रूप से ईंधन, ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के कारण हुई है। खासतौर पर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में उछाल ने इस बढ़ोतरी में अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा गैर-खाद्य वस्तुओं और बुनियादी धातुओं के विनिर्माण में आई लागत वृद्धि ने भी महंगाई को ऊपर धकेला है। यह संकेत देता है कि उत्पादन लागत बढ़ रही है, जिसका असर अंततः उपभोक्ता कीमतों पर पड़ना तय है।

अगर ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र की बात करें, तो इसमें मार्च महीने के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। आंकड़ों के अनुसार, इस श्रेणी में कीमतों में 4.13 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। खनिज तेल की कीमतों में तो और भी ज्यादा तेजी देखी गई, जो फरवरी के मुकाबले 8.77 प्रतिशत तक बढ़ गई। हालांकि इस दौरान बिजली की कीमतों में 5.07 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह राहत महंगाई के समग्र प्रभाव को कम करने में ज्यादा कारगर साबित नहीं हो सकी। ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ती कीमतें न केवल परिवहन लागत को बढ़ाती हैं, बल्कि उत्पादन और वितरण की लागत को भी प्रभावित करती हैं, जिससे महंगाई का दायरा और व्यापक हो जाता है। विनिर्माण क्षेत्र में भी महंगाई का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मंत्रालय के अनुसार, कुल 22 विनिर्माण समूहों में से 16 समूहों में मार्च के दौरान कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि केवल 6 समूहों में गिरावट देखने को मिली। इसका मतलब यह है कि अधिकांश औद्योगिक उत्पादों की लागत बढ़ रही है, जो आगे चलकर उपभोक्ता वस्तुओं के दाम बढ़ा सकती है। बुनियादी धातुओं की कीमतों में तेजी भी इसी प्रवृत्ति को दर्शाती है, जो निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर पर असर डाल सकती है।

खाद्य महंगाई की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है। मार्च में थोक खाद्य महंगाई दर 1.85 प्रतिशत पर स्थिर रही, लेकिन खुदरा स्तर पर इसमें बढ़ोतरी देखी गई है। खुदरा महंगाई दर (CPI) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर 3.4 प्रतिशत रही, जो फरवरी के 3.21 प्रतिशत से अधिक है। यह वृद्धि भले ही सीमित दिख रही हो, लेकिन यह संकेत देती है कि उपभोक्ताओं के लिए रोजमर्रा की वस्तुएं धीरे-धीरे महंगी हो रही हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई के आंकड़ों में भी अंतर देखने को मिला है।

# आयुक्त का सख्त एक्शन

## 5 झोन में सफाई निरीक्षण, शौचालय पर 10 हजार रूपए का जुर्माना






**आदित्य शर्मा**

इंदौर शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने झोन 18, 22, 10, 13 और 15 में सघन निरीक्षण किया। लापरवाही मिलने पर कई अधिकारियों पर कार्रवाई की गई। तीन इमली बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक शौचालय में गंदगी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी पर 10 हजार रूपए की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं डस्टबिन नहीं रखने पर दो दुकानों पर 1-1 हजार रूपए का स्पॉट फाइन भी लगाया गया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरा मिलने पर संबंधित दरोगाओं के एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। चौइथराम सब्जी मंडी क्षेत्र में खराब सफाई व्यवस्था मिलने पर स्वास्थ्य निरीक्षक को नोटिस जारी किया गया। आयुक्त ने सभी क्षेत्रों में नियमित सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की बेहतर व्यवस्था और दुकानों पर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**आदित्य शर्मा**

इंदौर आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा दिवस के अवसर पर फायर स्टेशन मोती तबेला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रमुख अधीक्षक श्री आशीष कुमार पाठक ने किया, जिसमें फायर कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद फायरकर्मियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके बाद अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा, संभावित आग की घटनाओं एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी।

इस अवसर पर मोती तबेला से राजवाड़ा, पलासिया, सपना संगीता होते हुए फायर स्टेशन तक अग्नि सुरक्षा रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से नागरिकों को सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही 14 से 20 अप्रैल 2026 तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसमें मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण, जागरूकता रैली एवं सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करें और आपात स्थिति में तुरंत सूचना दें।

### जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल

# दिव्यांगजनों को बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जिले में चलेगा सुगम्य इंदौर अभियान कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**आदित्य शर्मा**



इंदौर जिले में दिव्यांगजनों को बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सुगम्य इंदौर अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान दो चरणों में चलेगा। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जिले में "सुगम्य इंदौर अभियान" को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि यह अभियान दिव्यांगजनों के लिए शहर को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को चरणबद्ध तरीके से प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। बताया गया कि पहले चरण में जिले के सभी सार्वजनिक भवनों का सर्वे कर वहां दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण में चिन्हित कमियों को दूर करते हुए भवनों में रैंप, रेलिंग, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि दिव्यांगजनों को कहीं भी आवागमन में बाधा न हो। बताया गया कि अभियान के क्रियान्वयन के लिए एक विशेष पोर्टल भी तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से सर्वे और कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में निर्देश दिए गए कि "सुगम्य इंदौर अभियान" केवल औपचारिक पहल न होकर जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम देने वाला अभियान बने। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सभी विभाग इस दिशा में जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि इंदौर को एक समावेशी और दिव्यांग-अनुकूल शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

इसके साथ ही कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में निर्माणाधीन ओवरब्रिज परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए और दैनिक कार्य योजना बनाकर निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज आवेदनों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में अभियान चलाकर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निराकरण केवल औपचारिक न हो, बल्कि सकारात्मक एवं गुणात्मक हो। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यातायात सुधार और फायर सेफ्टी के लिए चलाए जा रहे अभियानों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन अभियानों को नियमित रूप से संचालित रखा जाए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल सके। बैठक में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतवार कार्य योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति न बने।

## संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने किया कोक्लियर इंप्लांट रिहैबिलिटेशन क्लिनिक का शुभारंभ

**आदित्य शर्मा**

इंदौर- महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं शासकीय महाराजा यशवंतराव अस्पताल इंदौर के ईएनटी विभाग में कोक्लियर इंप्लांट रिहैबिलिटेशन क्लिनिक का शुभारंभ गत दिवस किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े थे। कार्यक्रम में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि कोक्लियर इंप्लांट रिहैबिलिटेशन क्लिनिक अपनी तरह की पहली अत्याधुनिक सुविधा है, जहां श्रवणबाधित बच्चों को कोक्लियर इंप्लांट के उपरांत समग्र पुनर्वास सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।



इस मौके पर महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, एमवाय अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, वरिष्ठ कोक्लियर इंप्लांट सर्जन डॉ. एस.पी. दुबे, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. आर.के. मूदड़ा तथा नोडल अधिकारी डॉ. जफर पठान उपस्थित थे।

ईएनटी की विभागाध्यक्ष डॉ. यामिनी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में कोक्लियर इंप्लांट रिहैबिलिटेशन से संबंधित मरीजों की जानकारी पर केन्द्रित पुस्तिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर टेलीथेरेपी सेवा की भी शुरुआत की गई। इस सुविधा के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को भी घर बैठे स्पीच थेरेपी और रिहैबिलिटेशन सेवाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में डॉ. जगराम वर्मा, डॉ. शेनल कोठारी, डॉ. योगिता दीक्षित एवं डॉ. अंशुल शर्मा की भागीदारी रही।

विशेषज्ञों ने बताया कि कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी के बाद मरीजों के बेहतर परिणाम के लिए रिहैबिलिटेशन और स्पीच थेरेपी अत्यंत आवश्यक होती है। नए क्लिनिक के माध्यम से मरीजों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनके सुनने और बोलने की क्षमता में प्रभावी सुधार संभव हो सकेगा। इस प्रकार की आधुनिक सुविधाएं समाज के कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित होंगी और बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## जिलाबदर कुख्यात तस्कर के घर पर आबकारी का बड़ा एक्शन, बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त



**आदित्य शर्मा**

इंदौर जिले में मदिरा के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा परिवहन करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के अंतर्गत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जिलाबदर कुख्यात तस्कर के घर पर छापा डालकर बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त की गई।

यह कार्रवाई सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल एवं फ्लाइंग स्क्वॉड प्रभारी श्री कमलेश सोलंकी द्वारा वृत्त सांवेर अंतर्गत ग्राम बड़ोदिया खान में की गई। आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शराब तस्कर महेश उर्फ एन.डी. के निवास से अवैध मदिरा जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान कुल 62 पेटी देशी मदिरा (558 बल्क लीटर), 35 पेटी विदेशी मदिरा स्प्रिट (315 बल्क लीटर) तथा 4 पेटी विदेशी मदिरा बीयर (48 लीटर) जप्त की गई। इस प्रकार कुल 101 पेटी देशी एवं विदेशी मदिरा, कुल 921 बल्क लीटर मदिरा बरामद की गई। उक्त आरोपी पूर्व में जिलाबदर भी रह चुका है, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति स्पष्ट होती है।

उक्त कार्यवाही में आबकारी विभाग की टीम, जिसमें एडीईओ श्री धर्मेंद्र जोशी, श्री जहांगीर खान तथा उप निरीक्षक श्री त्रियांबिका शर्मा, श्री आशीष जैन एवं श्री बी.डी. अहिरवार का विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# कुंडलिनी शक्ति कोई रहस्य नहीं वरन् ईश्वर प्रदत्त कुंडलित ऊर्जा शक्ति है

**हम सभी जानते हैं कि बिना ऊर्जा के जीवन संभव नहीं। यह सारा ब्रम्हांड ऊर्जा से ही संचालित है। पर वो ईश्वरीय ऊर्जा हमें दिखाई नहीं देती। हम मात्र मानव द्वारा परिचालित ऊर्जाओं जैसे विद्युत, बल्ब की रौशनी, कारखानों में उपयोग आने वाली मशीन इत्यादि को ही जान पाते हैं। कुंडलिनी भी एक ऊर्जा है क्योंकि कुंडलिनी का अर्थ ही है ' कुंडलित ऊर्जा' और यह एक शक्ति है जो साढ़े तीन कुंडल में हमारे रीढ़ की हड्डी के नीचे त्रिकोणाकार अस्थि में विराजमान होती है।**



यह जीवंत ऊर्जा है और स्वयं को कैसे संभालना है, यह जानती है। यह ऊर्जा सोच सकती है। इसका उदाहरण है कि यह हमारे उत्थान के लिए यह गुरुत्वाकर्षण के विरोध में कार्य करती है क्योंकि उसे मध्य सुषुम्ना नाड़ी से ऊपर उठना होता है और सिर के उपरी हिस्से तक तालु भाग तक जाकर वहाँ भेदन करना होता है। जब कुंडलिनी जागृत होती है तब सहस्त्रार चक्र तक जाने के मार्ग में जो भी चक्र आते हैं, उन्हें स्पर्श करती जाती है उसे पता है कि उस चक्र में क्या खराबी है अतः उसे वह ठीक करती जाती है। कुंडलिनी शक्ति जो मां स्वरूप है, हमारे साथ है हमें पोषित करने व हम सबकी देखभाल करने के लिये।

जब हमारे अंदर आत्म उत्थान की शुद्ध इच्छा जागृत होती है तब सुषुप्त कुंडलिनी एक जीवित प्रक्रिया की तरह जागृत होती है। वैसे ही जैसे हम धरती पर बीज बोते मात्र हैं पर उसका अंकुरित होना एक जीवंत क्रिया है। जब कुंडलिनी जागृत होती है, छः चक्रों से गुजरती हुई जब अंतिम चक्र का स्पर्श करती है तब हम स्वयं अपने सिर के ऊपर से ठंडी हवा के निकलने का अनुभव पाते हैं। आत्म साक्षात्कार के बाद ही पहली बार हम इस ठंडी हवा को अनुभव करते हैं। यह एक सुखद शांत ठंडक है। यह ईश्वर के प्रेम की सर्वव्यापी शक्ति है। इसके साथ ही हम एक ईश्वरीय कंप्यूटर सम बन जाते हैं। हम अपने अंदर किस चक्र में तकलीफ है, उसे स्वयं जान सकते हैं। हम अपने आस पास के व्यक्तियों के चक्रों की स्थिति भी जान सकते हैं, जो हमसे बहुत दूर हैं उनकी भी स्थिति भी हम जान लेते हैं।

हम सभी ईश्वरीय शक्ति से घिरे हुये हैं और कुंडलिनी के जागृत होने पर इस ईश्वरीय शक्ति से जुड़ जाते हैं। हमारे अंदर स्थित कुंडलिनी हमारी मां है, जो हमें परमात्मा के स्वर्ग साम्राज्य में ले जाती है। कुंडलिनी आत्मा से एकाकार होने की परम इच्छा है। कुंडलिनी हमारी मां है और इस मां को जानने का अधिकार हर मानव मात्र को है। तो चलिए सहज योग ध्यान से जुड़ते हैं। आप आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# भीषण गर्मी में बस स्टैंड का वाटर फ्रीजर बंद यात्रीगण बूंद बूंद पानी को परेशान



कटनी। भीषण गर्मी में पानी को लेकर यात्री और आसपास के लोग परेशान हो रहे हैं क्योंकि बस स्टैंड कटनी में चार तरफ से बसो का आना-जाना है और रोजाना हजारों यात्री बस स्टैंड कटनी से यात्रा करते हैं ऐसे में पानी की व्यवस्था करना नगर निगम की जिम्मेदारी बन जाती है लेकिन 1 वर्ष से बस स्टैंड का वाटर फ्रीजर बंद है और ना तो नगर निगम के आला अधिकारियों को ध्यान है नगर निगम तुरंत कार्रवाई करते हुए वाटर फ्रीजर को चालू करवाना चाहिए यात्री पानी के लिए परेशान ना हो

यात्रियों ने बताई पीड़ा

बस स्टैंड में यात्रियों ने बताया की पानी के लिए यहां वहां जाना पड़ता है और कई जगह पानी साफ सुथरा भी नहीं मिलता है जिससे बीमारियों का खतरा बना रहता है बस स्टैंड का वाटर फ्रीजर काफी दिनों से बंद पड़ा है और नगर निगम कोई ध्यान नहीं दे रहा है यात्रियों ने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुधरवाने की मांग की है




# मराठी भाषा रक्षण समिति

## इंदौर का गरिमामय आयोजन,युवा साहित्तिक उमेश थोरात प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित

इंदौर। कला, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से कार्यरत मराठी भाषा रक्षण समिति, इंदौर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय स्मृति समारोह एवं सांस्कृतिक महोत्सव अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ शहर के प्रीतमलाल दुआ सभागृह में संपन्न हुआ। यह आयोजन पद्मभूषण स्वर्गीय तात्यासाहेब सरवटे तथा स्वर्गीय गोविंदराव झोकरकर की स्मृति को समर्पित था, जिनका समाज एवं भाषा के क्षेत्र में योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। 12, 13 और 14 अप्रैल 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्य, कला और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अप्रैल को नामवंत चित्रकार स्वर्गीय शंकर राव (भैया) खेर की स्मृति में आयोजित चित्र-शिल्प एवं छायाचित्र प्रदर्शनी से हुआ। यह प्रदर्शनी तीनों दिनों तक खुली रही, जिसमें कला प्रेमियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता दर्ज की। 13 अप्रैल को आयोजित कवि सम्मेलन इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। इस अवसर पर प्रख्यात कवि श्री सुधीर महाजन (जलगांव) की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें अनेक प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को विशेष ऊँचाई प्रदान की।



इसी श्रृंखला में 14 अप्रैल को इंदौर के युवा साहित्यकार एवं वऱ्हाडी बोली भाषा के अभ्यासक श्री उमेश थोरात को उनके वऱ्हाडी बोलीभाषा संवर्धन, साहित्य सृजन तथा सांस्कृतिक योगदान के लिए वर्ष 2026 का "पद्मभूषण स्व. तात्यासाहेब सरवटे एवं स्व. गोविंदराव झोकरकर स्मृति पुरस्कार" प्रदान किया गया। यह सम्मान सुप्रसिद्ध ग़ज़ल गायक पंडित भीमराव पांचाळे (मुंबई) के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस सम्मान ने न केवल उमेश थोरात के कार्यों को मान्यता दी, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी मातृभाषा और बोलीभाषा के संरक्षण के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। इस अवसर पर कला, साहित्य, नाट्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले देशभर से आए आमंत्रित प्रतिभागियों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग़ज़लनवाज़ पं. भीमराव पांचाळे द्वारा मराठी, हिंदी एवं उर्दू ग़ज़लों की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर श्री सारंग लासुरकर तथा हार्मोनियम पर श्री राजेंद्र नागले ने संगत देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में पं. भीमराव पांचाळे तथा विशेष अतिथि डॉ. श्री पुरषोत्तम सप्रे, डॉ. संजय दहाड़, राधिका इंगळे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रीतमलाल दुआ सभागृह, रीगल चौराहा, इंदौर में किया गया, जहाँ तीनों दिनों तक साहित्यप्रेमियों, कलाकारों और नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। यह संपूर्ण आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम न होकर मराठी भाषा के प्रति जागरूकता, अभिमान और संरक्षण का सशक्त माध्यम बना। इसने यह संदेश दिया कि अपनी मातृभाषा और लोकभाषाओं का संवर्धन ही सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ बनाए रखने का आधार है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संयोजक अनिल धडवईवाले एवं रामराव देशमुख सहित समिति के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्रा. डॉ. श्रीकांत तारे ने किया तथा आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष श्री अनिल धडवईवाले द्वारा व्यक्त किया गया।

# वनो की सुरक्षा हाईटेक ड्रोन से होगी जंगलों की निगरानी, स्टॉफ ने सीखी AI तकनीक

**नवल किशोर कुशवाहा**

**कटनी। वनों की सुरक्षा और विभागीय कार्यों में आधुनिक तकनीक का समावेश करने के उद्देश्य से कटनी वन मंडल अब पूरी तरह डिजिटल होने की राह पर है। बुधवार, 15 अप्रैल 2026 को वन मंडल अधिकारी (DFO) श्री गर्वित गंगवार के मार्गदर्शन में एक विशेष ड्रोन संचालन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

### छह रेंजों के अधिकारियों ने सीखा 'आसमान से पहरा'

इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र में वन मंडल की सभी छह रेंजों—बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, रीठी, विजयराघौगढ़, बरही एवं कटनी—के अधिकारियों और फील्ड स्टाफ ने हिस्सा लिया। विभाग के पास वर्तमान में सभी रेंजों के लिए ड्रोन उपलब्ध हैं, जिनका फील्ड डेमो के दौरान सफल संचालन किया गया।







### प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु:

अवैध गतिविधियों पर लगामः ड्रोन के माध्यम से अवैध कटाई और वन भूमि पर अतिक्रमण की सटीक मॉनिटरिंग।

### वनाग्नि प्रबंधन

जंगलों में लगने वाली आग (फायर सीजन) के दौरान त्वरित सर्वेक्षण और प्रभावी नियंत्रण।

डिजिटल मैपिंगः GIS (भौगोलिक सूचना प्रणाली) आधारित कार्य प्रणाली को मजबूत करना।

व्यावहारिक ज्ञानः उड़ान पूर्व तैयारी, सुरक्षा मानक, लाइव मॉनिटरिंग और डेटा संग्रहण का प्रशिक्षण।

### AI से आसान होंगे कार्यालयीन कार्य

ड्रोन के साथ-साथ, कंप्यूटर ऑपरेटरों और कार्यालयीन स्टाफ के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर भी एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें बताया गया कि कैसे AI टूल्स का उपयोग करके शासकीय पत्राचार, डेटा विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करने जैसे दैनिक कार्यों की दक्षता (Efficiency) को बढ़ाया जा सकता है।

### विशेषज्ञों ने दी तकनीकी जानकारी

**प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से श्री सुरेश बरोले (SDO) और श्री अक्षय सिंह (GIS एक्सपर्ट) द्वारा किया गया। विशेषज्ञों ने फील्ड में 6 ड्रोन्स के माध्यम से व्यावहारिक डेमो दिया और कक्षा आधारित तकनीकी सत्रों में बारीकियों को समझाया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शाम 5 बजे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल से आने वाले समय में कटनी वन मंडल की निगरानी क्षमता में गुणात्मक सुधार आने की उम्मीद है।**

## नगर निगम में पार्षदों की उपेक्षा का फूटा गुस्सा वरिष्ठ पार्षद मिथिलेश जैन मुंह में काली पट्टी बांधकर पहुंचे सदन



**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी। निगम परिषद की बैठक हंगामे और विरोध के बीच बिना किसी ठोस निष्कर्ष के स्थगित कर दी गई। बैठक की शुरुआत से ही माहौल गरम रहा, जब वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन एडवोकेट मुंह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए शामिल हुए। निगम अध्यक्ष मनीष पाठक के अनुरोध पर उन्होंने पट्टी हटाई, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने पार्षदों के प्रस्तावों की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव के गंभीर आरोप लगाए। बैठक के दौरान सबसे प्रमुख मुद्दा राजीव गांधी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का रहा। मिथलेश जैन ने आरोप लगाया कि पिछली बैठक में निर्णय होने के बावजूद इस विषय को एजेंडे में शामिल नहीं किया गया। इस पर पार्षद राजेश भास्कर, मौसूफ अहमद और गोविंद चावला ने भी समर्थन करते हुए इसे एजेंडे में शामिल करने की मांग की। अध्यक्ष द्वारा आयुक्त से जवाब मांगे जाने पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह विषय इस बैठक में शामिल होना चाहिए था। हंगामे और विवाद के चलते बैठक में नगर निगम का बजट प्रस्तुत नहीं हो सका और इस पर कोई चर्चा भी नहीं हो पाई, जिसके चलते बैठक को स्थगित करना पड़ा। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही उनके अन्य नगरीय निकाय में स्थानांतरण की अनुशंसा भी की गई। पार्षदों ने उनके कार्य को असंतोषजनक बताते हुए दुर्व्यवहार के आरोप लगाए, जिसका कई पार्षदों और एमआईसी सदस्यों ने समर्थन किया। महापौर की अनुपस्थिति में हुई इस बैठक में कई पार्षदों ने अन्य विषयों पर भी पत्र प्रस्तुत किए। अब इन सभी मुद्दों और अधूरे एजेंडे पर चर्चा आगामी बैठक में किए जाने की संभावना है।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा मैरिट में विजयराघवगढ़ विधानसभा के तीन छात्रों ने बनाया स्थान

### विधायक संजय पाठक ने तीनों मेधावी बच्चों से फोन पे बात कर दी बधाई, उज्जवल भविष्य की कामना

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं बोर्ड के परिणामों में विजयराघवगढ़ विधानसभा के तीन




छात्र छात्राों ने अपनी मेहनत से प्राप्त अंकों के आधार पर प्रवीण सूची में स्थान बनाया है । प्रवीण सूची में स्थान बनाने वाले तीनों छात्र छात्राओं एवं परिजनों को विधायक संजय पाठक ने फोन के माध्यम से बधाई शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की । प्रदेश की प्रवीण सूची में विजयराघवगढ़ से स्थान बनाने वाले किड्स वे अकादमी स्कूल बरही से आदित्य तिवारी पिता मनोज तिवारी 493/500 सातवां स्थान ,सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही के सौरभ सिंह मार्को पिता प्रताप सिंह मार्को 492/500 आठवां स्थान,इसी तरह ग्राम हरैया के शा.उच्च.मध्य.विद्या.की कु.खुशबू लोधी पिता उदयभान लोधी 491/500 नौवां स्थान प्राप्त किया।

विधायक संजय पाठक ने अपने संदेश में कहा कि आज माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके सुयोग्य गुरुजनों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता हूं। विजयराघवगढ़ विधानसभा से मेरिट लिस्ट में आने वाले तीनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई! आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। यह उपलब्धि आपके उज्ज्वल भविष्य की नींव है, इसी तरह मुस्कुराते हुए मेहनत करते रहें और आगे बढ़ते रहें। जो विद्यार्थी इस बार अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे तनिक भी निराश न हों; यह मात्र एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। अटूट धैर्य और निरंतर परिश्रम से सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी। आप सभी के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की मंगलकामनाएं!

# शिवपुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: रंगदारी और मारपीट करने वाले दो शातिर बदमाश चढ़े कोतवाली पुलिस के हत्थे

शिवपुरी। शहर में दहशत फैलाकर अवैध वसूली और मारपीट करने वाले अपराधियों के विरुद्ध शिवपुरी पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। थाना कोतवाली पुलिस ने रंगदारी और एससी-एसटी एक्ट के मामले में करीब डेढ़ महीने से फरार चल रहे दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

क्या था मामला?

बीती 25 फरवरी 2026 को शांतिनगर निवासी कुलदीप शाक्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी गौरव शर्मा और हर्षित पाराशर ने शराब के लिए पैसों की मांग की थी। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने न केवल कुलदीप के साथ मारपीट की, बल्कि उसे जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने इस पर अपराध क्रमांक 138/26 के तहत बीएनएस (BNS) की विभिन्न धाराओं और एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया था।

दबिश देकर दबोचे गए आरोपी

घटना के बाद से ही दोनों आरोपी पुलिस को चकमा दे रहे थे। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह



राठौड़ के सख्त निर्देशों के बाद, नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई रोहित दुबे ने एक विशेष टीम गठित की। मुखबिर तंत्र और तकनीकी निगरानी की मदद से पुलिस ने आज दिनांक 15 अप्रैल को

दोनों आरोपियों:

गौरव शर्मा (34 वर्ष) निवासी कमलागंज का बाड़ा हर्षित पाराशर (29 वर्ष) निवासी कमलागंज का बाड़ा को घेराबंदी कर धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए दोनों युवक आदतन अपराधी हैं और इन पर पहले भी मारपीट के कई मामले दर्ज हैं। न्यायालय ने भेजा जेल गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल वारंट बनने पर उन्हें जिला जेल शिवपुरी भेज दिया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका: इस सफलता में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित दुबे, उनि. सुमित शर्मा, सउनि. आविद खान, आरक्षक सुमित सेंगर और आरक्षक मुकेश वर्मा की विशेष भूमिका रही।

## एडीजी अजाक आशुतोष राय ने शिवपुरी में थपथपाई पुलिस की पीठ; बोले- हेल्पलाइन 14566 का करें व्यापक प्रचार



ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। ग्वालियर रेंज के जिलों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हितों और न्याय के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करने बुधवार को पुलिस मुख्यालय भोपाल के एडीजी (अजाक) आशुतोष राय शिवपुरी पहुंचे। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने न केवल लंबित प्रकरणों के निपटारे की समय सीमा तय की, बल्कि रेंज द्वारा किए गए सुधार कार्यों की सराहना भी की।

### हेल्पलाइन 14566: अब हर पीड़ित तक पहुंचेगी मदद

बैठक के दौरान एडीजी राय ने विशेष रूप से नेशनल हेल्पलाइन नंबर 14566 पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस नंबर का प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जाए ताकि पीड़ित पक्ष सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सके। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण को उन्होंने प्राथमिकता बताया।

### राहत राशि और हॉटस्पॉट चिन्हांकन में ग्वालियर रेंज अव्वल

पिछली बैठक की तुलना में की गई प्रगति की समीक्षा करते हुए एडीजी ने संतोष व्यक्त किया। रेंज के चारों जिलों (शिवपुरी, गुना, अशोकनगर और ग्वालियर) में एससी/एसटी वर्ग के लिए 'हॉटस्पॉट' क्षेत्रों की पहचान करने और पीड़ितों को समय पर राहत राशि के वितरण में हुई प्रगति को उन्होंने सराहा। उन्होंने कहा कि इसी संवेदनशीलता के साथ पुलिस को आगे भी कार्य करना है।

### बैठक में शामिल हुए दिग्गज अधिकारी

समीक्षा बैठक में ग्वालियर जोन के आईजी अरविंद कुमार सक्सेना, डीआईजी अमित सांघी, शिवपुरी एसपी अमन सिंह राठौड़, गुना एसपी श हितिका वासल, और अशोकनगर एसपी राजीव कुमार मिश्रा सहित रेंज के सभी अजाक प्रभारी और एसडीओपी उपस्थित रहे।

## 10वी'12वी के परीक्षा परिणाम में' कटनी जिले को मिली बड़ी कामयाबी

कक्षा 10वीं प्रदेश स्तर में मेरिट

| स.क. | नाम | पिता का नाम | संस्था का नाम | रोल नम्बर | संकाय | प्राप्तांक 500 में से | प्रदेश की मेरिट में स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री आदित्य तिवारी | श्री मनोज कुमार तिवारी | किड्स अकादमी खन्ना बंजारी बरही | 167230157 | — | 493 | सातवां |
| 2 | कु.प्रतिभा | श्री सोनेलाल साहू | शास.माडल उ.मा.वि.बड़वारा | 167231695 | — | 493 | सातवां |
| 3 | श्री सौरभ सिंह मार्को | श्री प्रताप सिंह मार्को | सरस्वती शिशु मंदिर हा.से.स्कूल बरही | 167229991 | — | 492 | आठवां |
| 4 | कु. श्वेता पाण्डे | श्री उमाशंकर पाण्डे | नोबल हार्ट पब्लिक उ.मा.वि.कटनी | 167237925 | — | 492 | आठवां |
| 5 | कु. खुश्बू लोधी | श्री उदयभान लोधी | शास.उ.मा.वि.हरैया | 167234933 | — | 491 | नौवां |
| 6 | कु. शिवानी | श्री विनोद कुमार | शास.हाईस्कूल देवराखुर्द | 167226390 | — | 490 | दसवां |
| 7 | कु. तन्वी गुप्ता | श्री सत्यनारायण गुप्ता | ग्रेस मिशन इंगलिश उ.मा.वि.स्लीमनाबाद | 167228926 | — | 940 | दसवां |

नवल किशोर कुशवाहा

कटनी। पिछले साल का कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम जहां 81.13 फीसदी रहा था, वहीं इस वर्ष यह परिणाम बढ़ कर अब 84.42 प्रतिशत हो गया है। इस प्रकार 10वीं के परीक्षा परिणाम में कुल 3.29 फीसदी की वृद्धि हुई है। जबकि कटनी जिले के बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बीते साल की तुलना में 2.81 फीसदी की कमी हुई है। इस साल 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 79.58 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल के परीक्षा परिणाम 82.39 प्रतिशत से कम है।

राज्य के परीक्षा परिणाम से बेहतर है कटनी का रिजल्ट-बोर्ड परीक्षाओं के राज्य के औसत परीक्षा परिणामों की तुलना में कटनी जिले का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम कहीं बेहतर है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में राज्य का औसत परीक्षा परीणाम 73.42 प्रतिशत रहा। जबकि कटनी जिले का 10वीं कक्षा का परिणाम 84.42 फीसदी है। इस प्रकार राज्य की तुलना में जिले के परीक्षा परिणाम से 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में राज्य का औसत परीक्षा परिणाम 76.01 फीसदी है। जबकि कटनी जिले का परीक्षा परिणाम 79.58 फीसदी है, जो राज्य के कक्षा 12 वीं के औसत परीक्षा परिणाम से 3.57 फीसदी अधिक है।

प्रदेश की रैंकिंग में इन छात्रों ने अर्जित किया स्थान

कक्षा 12वीं में पुष्कर पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झण्डा चौक उमरियापान स्कूल के शिवम लोधी ने गणित संकाय से प्रदेश में पांचवा स्थान अर्जित किया है। जबकि ग्रेश मिशन इंगलिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद की सब्यसांची पाण्डे को गणित संकाय से प्रदेश में आंठवा स्थान मिला है।

# समंदर में भारत का पाकिस्तान को 'चेकमेट'! मिसाइल टेस्ट से पहले तैनात किया INS ध्रुव, अरब सागर में बढ़ा तनाव

अरब सागर में भारत और पाकिस्तान के बीच एक हाई-वोल्टेज रणनीतिक मुकाबला देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान एक संदिग्ध मिसाइल परीक्षण की तैयारी में था, लेकिन भारतीय नौसेना ने ऐन वक्त पर अपना सबसे आधुनिक मिसाइल ट्रैकिंग युद्धपोत INS ध्रुव तैनात कर पड़ोसी देश के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।



### पाकिस्तान की 'खुराफात' और भारत का जवाब

पाकिस्तान ने 14-15 अप्रैल के लिए अरब सागर में एक NOTAM और मैरीटाइम वॉर्निंग जारी की थी। कराची, ओरमारा, ग्वादर और सोनमियानी के पास लगभग 415 से 450 किलोमीटर के दायरे को 'खतरनाक क्षेत्र' घोषित किया गया था। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान के परीक्षण शुरू करने से 24 घंटे पहले ही, यानी 13 अप्रैल को भारत ने INS ध्रुव को अरब सागर में उतार दिया। भारत के इस कदम ने पाकिस्तान को रणनीतिक रूप से बैकफुट पर धकेल दिया है।

### क्या लॉन्च करने वाला था पाकिस्तान?

पाकिस्तानी सेना ने आधिकारिक तौर पर अपनी योजना नहीं बताई है, लेकिन रक्षा विशेषज्ञों के दो मुख्य अनुमान हैं। पाकिस्तान अपनी किसी 'सतह से सतह' मार करने वाली मिसाइल या समुद्र से लॉन्च होने वाले लॉन्ग-रेंज सिस्टम का परीक्षण करना चाहता है। या फिर मुमकिन है कि पाकिस्तान अपनी नौसैनिक क्षमताओं या किसी नए रणनीतिक प्लेटफॉर्म का आकलन कर रहा हो।

### दुश्मन की 'जासूसी' में माहिर है INS ध्रुव

भारत का INS ध्रुव कोई साधारण युद्धपोत नहीं है, बल्कि यह समंदर में भारत की 'आंख और कान' है। इसे दुश्मन की मिसाइलों को ट्रैक करने और उनकी खुफिया जानकारी जुटाने के लिए ही बनाया गया है। यह दुश्मन के रडार सिग्नल और इलेक्ट्रॉनिक उत्सर्जन का पता लगा सकता है, जिससे भविष्य में उनके ठिकानों को निशाना बनाना आसान हो जाता है। अगर पाकिस्तान कोई नया क्रूज या बैलिस्टिक सिस्टम लॉन्च करता है, तो INS ध्रुव उसके हर मूवमेंट का डेटा भारतीय नौसेना को दे देगा।

### समंदर में शुरू हुआ 'तकनीकी युद्ध'

अरब सागर अब डेटा और खुफिया जानकारी जुटाने की एक बड़ी रेस का मैदान बन गया है। भारत और पाकिस्तान दोनों ही एक-दूसरे की नौसैनिक तैयारियों और तकनीकी क्षमताओं की जानकारी जुटाने में लगे हैं। INS ध्रुव की मौजूदगी का मतलब है कि पाकिस्तान अब जो भी परीक्षण करेगा, उसकी हर बारीक जानकारी भारत के पास होगी। यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ी मनोवैज्ञानिक और तकनीकी हार है।

### शांति के दावों के बीच सैन्य शक्ति प्रदर्शन

एक तरफ दुनिया भर में अमेरिका और ईरान के बीच 16 अप्रैल को होने वाली शांति वार्ता की चर्चा हो रही है, वहीं दूसरी तरफ भारत और पाकिस्तान के बीच समंदर में यह 'साइलेंट वॉर' जारी है।

---

## MP बोर्ड 12वीं रिजल्ट: अमन ओझा ने प्रथम श्रेणी में हासिल की सफलता, क्षेत्र का नाम किया रोशन




ऋषि गोस्वामी

**शिवपुरी। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MP Board) द्वारा आज कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में शिवपुरी के होनहार छात्र अमन ओझा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी (First Division) में सफलता प्राप्त की है। अमन ओझा (पिता श्री वेदीचरण ओझा) ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर कुल 500 में से 365 अंक प्राप्त किए हैं।**

## शिवपुरी की खुशबू ओझा ने एमपी बोर्ड 10वीं की परीक्षा में लहराया परचम, प्रथम श्रेणी में हुई उत्तीर्ण

शिवपुरी। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MP Board) द्वारा आज कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। घोषित परिणामों में शिवपुरी की होनहार छात्रा खुशबू ओझा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी (First Division) में सफलता प्राप्त की है।

## झाबुआ के शानदार परीक्षा परिणाम पर कलेक्टर ने दी बधाई

झाबुआ जिले के कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा कि हायर सेकेंडरी में 93.23% परिणाम के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान एवं हाई स्कूल में 87.83% परिणाम के साथ प्रदेश के शीर्ष 5 जिलों में स्थान प्राप्त करना झाबुआ जिले के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

## सुरवाया पुलिस की कार्वाई: 4 साल से फरार स्थाई वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

शिवपुरी। जिले में अपराधियों और लंबे समय से फरार वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सुरवाया थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वर्ष 2020 से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

एसपी के निर्देश पर चल रहा है 'धरपकड़' अभियान पुलिस अधीक्षक शिवपुरी, अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले में इनामी, फरारी और स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा डॉ. आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में सुरवाया पुलिस लगातार सक्रिय है।

### मुखबिर की सूचना पर दबोचा गया आरोपी

थाना प्रभारी सुरवाया को सटीक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि माननीय न्यायालय शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 683/2020 का स्थाई वारंटी बलवीर (23) पुत्र नत्थू आदिवासी, निवासी ग्राम करई, इस समय अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी और आरोपी को हिरासत में ले लिया। जेल भेजा गया वारंटी गिरफ्तार किए गए वारंटी बलवीर आदिवासी को पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए सर्किल जेल शिवपुरी भेज दिया गया है। इनकी रही सराहनीय भूमिका-इस सफल कार्यवाही में सुरवाया थाना प्रभारी उनि. अरविन्द छारी, प्रधान आरक्षक केशव तिवारी, आरक्षक देशराज राठौर और आरक्षक रमाकांत पाराशर की मुख्य और सराहनीय भूमिका रही।



# जिला अस्पताल के उन्नयन एवं डिजिटाइजेशन पर कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

### जिला अस्पताल में डॉक्टर्स के साथ विस्तृत बैठक कर की समीक्षा



झाबुआ,कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने आज जिला अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सभी चिकित्सकों की विस्तृत बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अस्पताल की वर्तमान कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों, सेवाओं की गुणवत्ता एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल के समग्र उन्नयन के लिए एक विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रोजेक्ट तैयार किया जाए, जिसमें आधारभूत संरचना, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा मानव संसाधन की आवश्यकताओं को समाहित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से अस्पताल में आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने तथा समस्त सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से पूर्णतः डिजिटाइज करने पर जोर दिया, जिससे कार्य में पारदर्शिता, गति एवं दक्षता सुनिश्चित हो सके।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी चिकित्सकों को सेवा भाव एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की समझाइश दी। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी राउंड के लिए स्पष्ट एवं समयबद्ध प्रोटोकॉल निर्धारित किए जाएं, जिससे प्रत्येक मरीज की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके। साथ ही मरीजों के डायग्नोसिस नोट्स को सुव्यवस्थित एवं मानक प्रारूप में दर्ज करने के निर्देश दिए, ताकि उपचार प्रक्रिया में निरंतरता एवं स्पष्टता बनी रहे। कलेक्टर ने अस्पताल में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल देते हुए साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी में मरीजों की सुविधा के लिए डिजिटाइज्ड टोकन आधारित प्रणाली लागू करने की बात कही, जिससे अनावश्यक भीड़ एवं अव्यवस्था को रोका जा सके तथा मरीजों को सुगम एवं व्यवस्थित सेवाएं प्राप्त हों। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने दवाओं के भंडारण एवं वितरण प्रणाली को भी डिजिटाइज करने के निर्देश दिए, ताकि दवाओं की उपलब्धता, उपयोग एवं निगरानी बेहतर ढंग से की जा सके। उन्होंने अस्पताल से होने वाले रेफरल की प्रक्रिया के लिए स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे अनावश्यक रेफरल मामलों में कमी लाई जा सके तथा अधिकतम उपचार जिला स्तर पर ही संभव हो सके। साथ ही संपूर्ण अस्पताल संचालन के लिए भी SOP निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए जागरूकता बढ़ाने एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। बैठक के अंत में कलेक्टर ने उपस्थित चिकित्सकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन देते हुए कहा कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस दौरान सहायक कलेक्टर आशीष कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल, एवं डॉक्टर्स उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब झाबुआ द्वारा सत्र 2025-26 के अंतर्गत आधिकारिक डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की यात्रा का कार्यक्रम दिनांक 14 अप्रैल 2026 को आंबा पैलेस गार्डन, झाबुआ में गरिमामय रूप से आयोजित किया गया

**सलीम हुसैन**



इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा (डिस्ट्रिक्ट 3040) एवं फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में डी.सी. पिल्लई (डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, होमगार्ड),ओमजी शर्मा किरण शर्मा (ऑनर, केशव इंटरनेशनल स्कूल), लोकेश दवे (डायरेक्टर, अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल) तथा डॉ. प्रीति एस. त्रिपाठी (प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, कन्या महाविद्यालय, झाबुआ) , डॉ मुक्ता त्रिवेदी ललित त्रिवेदी , प्रदीप जैन , उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात क्लब अध्यक्ष श्री मनोज पाठक द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने क्लब की वर्षभर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर श्री मल्होत्रा ने अपने संबोधन में रोटरी के सेवा प्रकल्पों, सदस्यता विस्तार तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने क्लब के सदस्यों को और अधिक सक्रिय होकर समाज सेवा में योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर क्लब द्वारा वर्ष 2025-26 में किए गए विभिन्न सेवा कार्यों जैसे स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों का भी विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब झाबुआ के वरिष्ठ ट्रस्टी दिनेश सक्सेना, प्रदीप रूनवाल, यशवंत भंडारी, नर्रुदीन पिटोलवाला, प्रताप सिक्का , शारदा सिक्का , कार्तिक नीमा , उमंग सक्सेना, हिमांशु त्रिवेदी,इदरीस बोहरा,पद्मजा सक्सेना, अन्नू भाभोर कार्यक्रम में शामिल रहे। अंत में आभार प्रदर्शन क्लब सचिव डॉ. अंकित गुप्ता द्वारा किया गया।

# रोटरी क्लब झाबुआ द्वारा सत्र 2025-26 के अंतर्गत आधिकारिक डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की यात्रा का कार्यक्रम दिनांक 14 अप्रैल 2026 को आंबा पैलेस गार्डन, झाबुआ में गरिमामय रूप से आयोजित किया गया

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा (डिस्ट्रिक्ट 3040) एवं फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में डी.सी. पिल्लई (डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, होमगार्ड),ओमजी शर्मा किरण



शर्मा (ऑनर, केशव इंटरनेशनल स्कूल), लोकेश दवे (डायरेक्टर, अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल) तथा डॉ. प्रीति एस. त्रिपाठी (प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, कन्या महाविद्यालय, झाबुआ) , डॉ मुक्ता त्रिवेदी ललित त्रिवेदी , प्रदीप जैन , उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात क्लब अध्यक्ष श्री मनोज पाठक द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने क्लब की वर्षभर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर श्री मल्होत्रा ने अपने संबोधन में रोटरी के सेवा प्रकल्पों, सदस्यता विस्तार तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने क्लब के सदस्यों को और अधिक सक्रिय होकर समाज सेवा में योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर क्लब द्वारा वर्ष 2025-26 में किए गए विभिन्न सेवा कार्यों जैसे स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों का भी विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब झाबुआ के वरिष्ठ ट्रस्टी दिनेश सक्सेना, प्रदीप रूनवाल, यशवंत भंडारी, नर्रुदीन पिटोलवाला, प्रताप सिक्का , शारदा सिक्का , कार्तिक नीमा , उमंग सक्सेना, हिमांशु त्रिवेदी,इदरीस बोहरा,पद्मजा सक्सेना, अन्नू भाभोर कार्यक्रम में शामिल रहे। अंत में आभार प्रदर्शन क्लब सचिव डॉ. अंकित गुप्ता द्वारा किया गया।